# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

## महाविद्यालय न्यूज लेटर

कुल छात्राएं 1213

अंक – 4

दिसम्बर 2017

**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक, डॉ. प्रतिभा सोनी,
ब्रिजेश विश्वकर्मा, कमल माहेश्वरी

## प्राचार्य की कलम से



मानव के सर्वांगीण विकास का मूल शिक्षा है। एक न्यायसंगत और समावेशी समाज के निर्माण और राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है । महिला के अधिकारों की रक्षा में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा महिलाओं को जीवन के मार्ग चुननें का अधिकार देने का पहला कदम है।जिस पर वह आगे वढ़ती है। एक शिक्षित महिला में कौशल,सूचना प्रतिभा और आत्मविश्वास होता है। जो उसे एक वेहतर माँ,कर्मचारी और देश का निवासी बनाती है।

आर्थिक संकट के इस समय में लड़किया के लिए शिक्षा एक वरदान है। शिक्षा एक लड़की को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में मदद करती है। ताकि वह अपने अधिकारों और महिला के सशक्तिकरण को पहचान सकें।

किसी भी राष्ट्र का विकास लड़कियों की शिक्षा पर निर्भर करता है। इसलिए लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए

''एक नारी को पढ़ाओं पूरे घर को शिक्षित पाओ''

डॉ.सुमन तनेजा
प्राचार्य

## *कैशलस भुगतान प्रशिक्षण*

दिनांक 03.01.2017 को महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में डिजीटल बैकिग एवं कैशलेस ट्रांजेक्शन प्रशिक्षण एसबीआई मुख्य शाखा के प्रमुख प्रबंधक श्री एल आर नेहर तथा एडीबी शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री दिनेश गुप्ता एवं परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री उमंगवर्मा द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में गुप्ता जी ने सर्वप्रथम कैशलेस बैकिंग, ऑनलाईन ट्रांजेक्सन डेबिट एवं केडिट कार्ड द्वारा इन्टरनेट बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी । लगभग 40 छात्राओं ने मास्टर टैनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।



## //मतदाता जागरूकता अभियान//

दिनांक 25.01.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने समस्त स्टॉफ एवं छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई। तत्पश्चात रासेयो स्वयं सेवको ने महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान को बृहत स्तर पर चलाया तथा सभी छात्रा मतदाताओं को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया। प्राचार्य एवं महाविद्यालय से नियुक्त B.L.O. श्री राजेश शर्मा ने खुशबू सोनी, विजयानंद, वर्मा, मंगिता वर्मा आदि को मतदाता परिचय पत्र वितरित किये।सम्पूर्ण कार्यक्रम जिला संगठक रासेयो डॉ राजेश बकोरिया, रा. से.यो. अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, मतदान प्रभारी डॉ जी.एल. जैन के मार्गदर्शन में तथा शकुन्तला मीना, विद्या मीना, मीना वर्मा, प्राची विसोरिया, साधना, प्रियंका विश्वकर्मा, रश्मि यादव आदि का विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता में शकुन्तला मीना को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।



## कन्या महाविद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न

दिनांक 01.03.2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओ को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे ऑखो की उचित देखभाल के बारे मे बताया। इसके साथ ही उनके सहयोगी श्री प्रभात जैन ने महाविद्यालय की छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया। जिसमे पद्मिनी परमार, किरण सुर्यवंशी, कविता मेवाडा, पूजा वारिया, रचना मेवाडा, दीक्षा उपाध्याय, डाली खत्री, ज्योति अहिरवार आदि छात्राओं की नेत्र संबंधी समस्या का समाधान किया।

## वाणिज्य विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

दिनांक 04.02.2017 को वाणिज्य विभाग द्वारा यू.जी.सी. मद के सौजन्य से एल.एम.बेकर्स प्रा.लिमिटेड पारले जी मंडीदीप का एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में बी.कॉम VI सेमेस्टर की छात्राओं ने भागीदारी की। एल.एम.बेकर्स प्रा.लिमिटेड (पारले जी) भोपाल क्षेत्र मे पारले जी बिस्कीट की एक निर्माण इकाई है। यहॉ पर मुख्य रूप से पारले जी के बिस्कीट का निर्माण किया जाता हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन छात्राओं को वाणिज्यिक एवं निर्माण क्रियाओं की प्रेक्टीकल जानकारी देना था। वाणिज्य विषय के अंतर्गत उत्पादन, निर्माण प्रक्रिया एवं विक्रय का अध्यनन मुख्य रूप से किया जाता है अतएव इस भ्रमण से छात्रायें इन सभी प्रक्रियाओं से परिचित हो पाई।




## //छात्राओं को दिया स्वरोजगार प्रशिक्षण//

दिनॉक 27.01.2017 से स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 21 दिवसीय कैंडल मेकिंग एवं डिटरजेंट मेकिंग का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण योजना क्रमांक 7815 के तहत महा. की अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित समस्त इच्छुक छात्राओं को निःशुल्क दिया गया। छात्राए स्वरोजगार हेतु प्रेरित हुई।



## //समाजशास्त्र का शैक्षणिक भ्रमण//

दिनांक 16.02.2017 को समाजशास्त्र विभाग की छात्राऐं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय एवं राज्य संग्रहालय भोपाल देखने गई। जनजातीय संग्रहालय में वीथि संकुल के अन्तर्गत छात्राओं ने विभिन्न प्रदेश की जनजातिय संस्कृति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की। जनजातीय संग्रहालय में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की जनजातियों के आभुषण, वस्त्र, वाद्ययंत्र, हथियार जीवनयापन मे प्रयुक्त उपकरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर ज्ञानवर्द्धन किया। चलचित्र हेडा–होडा को देखा।

राज्य संग्रहालय में विभिन्न समय/ऐतिहासिक कालों की मुद्राएं, लिपि मूर्तियां, दैनिक जीवन की वस्तुए, वस्त्र, आभुषण, हथियार इत्यादि का अवलोकन कर भारतीय समाज की विविधता से परिचित हुई। प्राचीन लिपी में छात्राओं ने अपने नाम लिखे एवं अक्षर ज्ञान प्राप्त किया। समाजशास्त्र विषय में जनजातिय समाज को पाठ्यक्रम में एक पेपर के रूप पढ़ाया जाता है। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं ने अपने पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप में समझकर वैज्ञानिक आधार पर जानकारी प्राप्त की।

यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ. सुधा लाहोटी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री रा.से.यो. प्रभारी श्री रमाकांत रिछारिया अतिथि विदवान के मार्गदर्शन में 37 छात्राओं ने किया।



## //स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन//

दिनांक 08.02.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस एवं यू.जी.सी. के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया । शिविर में जिला अस्पताल से आये डॉ. आर. के. वर्मा मेडीकल विशेषज्ञ ने अपने व्याख्यान में सभी छात्राओं को संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। इसके साथ ही प्रतिदिन 6 से 8 घंटे की नींद, हर हफ्ते नाखून काटना, हफ्ते में एक बार शैम्पू करना समय पर भोजन करना हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सा एवं उपचार के साथ–साथ मलेरिया, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों के कारण व बचने के उपाय को बताते हुये सरकारी योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, टी.बी. मरीज को महीने तक मुफ्त दवा का वितरण हेल्प सेंटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पदमाकर त्रिपाठी जिला क्षय अधिकारी ने ब्लड प्रेशर डायबिटीज, टी.बी स्किन संबंधी समस्याओं के कारणों एवं उपायों को बताया। डॉ. पुष्पा साहू एड्स सलाहकार ने छात्राओं को एड्स व HIV के चार कारणों को बताते हुये कहा कि एड्स की सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। जॉच परिक्षण टीम में श्रीमति रेशमी चौधरी, श्री गोपाल राठौर, श्री दीपक वर्मा द्वारा छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप, वजन आदि का परिक्षण किया गया। शिविर में लगभग 150 छात्राओं तथा समस्त स्टॉफ की रक्त जॉच एवं स्वास्थय परीक्षण किया गया। विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश बकोरिया एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने किया।

## // वार्षिक स्नेह सम्मेलन //

दिनांक 03.03.2017 को वार्षिक खेल कूद गतिविधियों का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के उद्घोषणा के साथ प्रारंभ हुआ।

**रस्सी कूद प्रतियोगिता–**

रजनी गौर– प्रथम

रूकमा मालवीय–द्वितीय



1. **100 मीटर दौड़–**
   कविता वर्मा– प्रथम
   रीना दांगी– द्वितीय
2. **स्लो सायकल रेस–**
   रोशनी चन्द्रवंशी–प्रथम
   निधि त्यागी– द्वितीय
3. **चम्मच दौड़–**
   शिवानी प्रजापति–प्रथम
   पूजा विश्वकर्मा–द्वितीय
4. **तीन टाँग दौड़–**
   जया / मोनिका–प्रथम
   विद्या / शिवानी–द्वितीय
5. **लंबी कूद प्रतियोगिता–**
   मीना वर्मा– प्रथम
   ज्योति गौर– द्वितीय







## यूजीसी के सहयोग से व्याख्यान माला

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से दिनॉक 10.3.2017 को अर्थशास्त्र एवं 11.03.2017 को अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। दिनॉक 10.03.2017 एवं 11.03.2017 को अर्थशास्त्र विषय में डॉ. सुषमा तिवारी प्राध्यापक अर्थशास्त्र च.शे.आ. शा.स्ना. अग्रणी महाविद्यालय सीहोर द्वारा प्रथम दिवस विमुद्रीकरण–नोटबंदी एवं द्वितीय दिवस मानव अधोसंरचना पर व्याख्यान दिये।दिनॉक 11.03.2017 को डॉ. भुवनेश्वरी

## / / स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम / /

दिनांक 20.03.2017 को माननीय विधायक श्री सुदेश राय जी के कर कमलों से महाविद्यालय के विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से सत्र 2014–15 की छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। माननीय विधायक जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्टफोन आज की आवश्यकता है। इससे एक क्लिक से ज्ञान का भंडार हमारे समक्ष आ जाता है। इसका छात्राएं पूर्ण उपयोग करें एवं अपने शिक्षकों का भी मार्गदर्शन प्राप्त करें। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को स्मार्टफोन का सही उपयोग करने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने बताया उच्च शिक्षा म.प्र. शासन ने इस मंशा के साथ म0प्र0 का युवा इस डिजिटल युग में देश के अन्य युवाओं की भांति बराबरी से ज्ञानार्जन कर सके इस हेतु महाविद्यालय के युवाओं को स्मार्टफोन वितरण की महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गयी। जो अत्यंत सफल रही। डॉ. जी.एल. जैन ने बताया कि सत्र 2014–15 में इस महाविद्यालय की 365 छात्राएं इस योजना से लाभांवित हुई।






## / / कौशल विकास प्रशिक्षण व कार्यशाला सम्पन्न / /

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से दिनांक 23.03.2017 को कौशल विकास प्रशिक्षण एवं कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में हिन्दी विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. पुष्पा दुबे प्राध्यापक हिन्दी च.शे.आ.शास. अग्रणी महा. सीहोर, अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आशा किरण गौर प्राध्यापक अंग्रेजी शासकीय गीतांजली महाविद्यालय भोपाल तथा कम्प्युटर विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री संजय झा प्रभारी आई.टी. सेल उच्चशिक्षा विभाग भोपाल ने कौशल विकास हेतु छात्राओं को अपने अपने विषय में प्रबोधित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को भाषा कौशल के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. दिवा मिश्र ने किया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जी.एल.जैन, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, कम्प्युटर के अतिथि विद्वान श्री कमल महेश्वरी, श्री बृजेश विश्वकर्मा, कु. ज्योत्सना विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

## //रेड रिबन क्लब के अंतर्गत व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण//

रेड रिबन क्लब के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान में जिला चिकित्सालय सीहोर से आये डॉ. आर. के वर्मा द्वारा छात्राओं को एड्स विषय पर विस्तृत जानकारी दी। जिसमें एड्स से सुरक्षा हेतु बचाव जांच केन्द्र एवं सलाह केन्द्रों के बारे में बताया। रक्त दान की महत्वता बताते हुये उन्होने कहां की ये एक ऐसा दान है जिससे न केवल एक व्यक्ति बल्कि चार व्यक्यिो की जान एक व्यक्ति के रक्त दान से बचाई जा सकती है। रक्त दान के संबंध में भ्रांतियो को भी उन्होने दूर किया। छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नो एवं जिज्ञासाओं को बताया। अंत में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत आयेजित रक्तदान एड्स युवा सप्ताह में प्रतियोगिता – निबंध, स्लोगन पोस्टर, नाटक, भाषण आदि पर प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्रों को वितरण किया गया।





### महिला सशक्तिकरण एवं भाषा सुधार कार्यशाला

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से समाजशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग के द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा,यु.जी.सी. प्रभारी डॉ. दिवा मिश्रा, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के द्वारा किया गया। समाजशास्त्र विभाग अंतर्गत डॉ. आरती शुक्ला पाण्डे जिला विधिक सहायता अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। घरेलू हिंसा, बलात्कार, महिला उत्पीडन, एसिड अटैक जैसी घटनाओं से संबंधित कानूनो एवं उनकी धाराओं संबंधी जानकारी प्रदान की। छात्राओं को मोबाइल इंटरनेट के उपयोग से सम्बन्धित जानकारियां एवं उनके प्रयोग में रखने वाली सावधानियाँ, साइबर क्राइम के बारे में बताया। छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया।



## //गृह विज्ञान विभाग में व्याख्यान माला //

दिनांक 27.03.2017 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से गृह विज्ञान विभाग द्वारा " महाविद्यालयीन किशोरियो के लिये आहार" शीर्षक से व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान को संबोधित करते हुये शासकीय एम.एल.बी स्नाकोत्तर स्वासाशी महाविद्यालय की गृह विज्ञान की प्राध्यापक व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रेणु वर्मा ने कहा कि आहार हमारे शारीरिक, मानसिक एवं यहां तक कि आध्यात्मिक स्वास्थ्य का भी आधार है। प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं यूजीसी प्रभारी डॉ. दिवा मिश्र उपस्थित थी। गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कलिका डोलस ने उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान में किशोरियों को अपने आहार पर ध्यान देने की अति आवश्यकता है क्योकि जंक फूड, पैक्ड फूड तथा सिंथेटिक के इस युग में अपने आप को इन प्रलोभनो से दूर रखते हुये स्वस्थ शरीर के लिये आहार ग्रहण करना अत्यंत मुश्किल है परंतु स्वयं को तथा अगली पीढी को स्वस्थ्य रखने हेतु संतुलित आहार ग्रहण करना आवश्यक है।





## //राज्य स्तरीय नेतृत्व //

राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर रहली जिला सागर में आयोजित हुआ। इसमें सात विश्वविद्यालयों ने सहभागिता की। बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय की इकाई संस्था शासकीय कन्या महाविद्यालय की एकमात्र स्वंय सेविका शकुन्तला मीणा ने सागर के रहली गाँव में तालाब निर्माण व स्वच्छ भारत निर्माण के लिये गाँव मे रैली निकाली।ग्रामवासियों को जागरूक एवं नाटक किया।इस हेतु महाविद्यालय परिवार की और प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. दिवा मिश्र, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. नीलम वासनिक एवं स्वंयसेवक प्रियंका विश्वकर्मा, ज्योति मालवीय, विद्या मीणा, प्रीति राठौर, योजना चौरसिया, दीप्ति नवल आदि ने शुभकामनाएँ दी।

## Developing Enterprenuership And Financial Planning पर कार्यशाला

दिनांक 27.03.2017 को वाणिज्य विभाग द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन "Developing Enterprenuership And Financial Planning विषय पर किया गया। इस आयोजन हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में भारतीय स्टेट बैंक से शाखा प्रबंधक, आरसेटी–बैंक ऑफ इंडिया सीहोर से श्री साइमन कुल्लू, जीव सेवा संस्थान इंस्टीट्युट फॉर विमन से विभागाध्यक्ष प्रबंध श्री जितेन्द्र शर्मा विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। भारतीय स्टेट बैंक से प्रबंधक महोदय ने छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास हेतु बैंक द्वारा दी। कार्यशाला में सरकार के मेक इन इंडिया मिशन पर भी चर्चा हुई जिससे छात्राओं को स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों की स्वरोजगार हेतु एवं कौशल विकास हेतु आगे आने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला में संपूर्ण महाविद्यालय से छात्राओं ने सहभागिता की एवं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला का आयोजन व संचालन विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ जया शर्मा ने किया। इस आयोजन में संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

## //वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण //

दिनांक 31.03.2017 को माननीय श्रीमती अमिता अरोरा अध्यक्ष नगर पालिका, डॉ0 पुष्पा दुबे प्राचार्य चं.शे.आ. शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय, श्री महेश त्यागी कृषक सदस्य जनभागीदारी समिति के द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम कु0 प्रवीण चतुर्वेदी ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया व अतिथियों का पुष्पगुच्छ से प्राचार्य डॉ0 सुमन तनेजा ने स्वागत किया। विशेष अतिथि डॉ0 पुष्पा दुबे ने छात्राओं की विविध विधाओं में बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विविध विधाओं मे सहभागिता से अपने अंदर की प्रतिभा को निखारना है और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना है। श्रीमती अमिता अरोरा ने पुरस्कार के लिए छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार की खुशी में प्रभु को भूल नहीं जाना पढ़ाई के साथ–साथ प्रभु को याद करते रहना चाहिए। मोदी जी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए घरों में स्वच्छता रखे तथा घरों का कचरा ''कचरा गाडी'' में डालें।

अतिथियों के द्वारा अकादमिक स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली छात्राओं को, विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर शैक्षणिकोत्तर गतिविधियों में स्थान पाने वाली छात्राओं को तथा खेल–कूद गतिविधियों में जिला संभाग विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गए। क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा को ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज फुटबॉल टूर्नामेंट केरल 2017 मे मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जया शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ0 सुधा लाहोटी प्रभारी वार्षिक उत्सव ने किया।





## //कालेज चलो अभियान बैठक एवं मेला //

दिनॉक 09.05.17 को हायर सेकेन्डरी स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता एवं कॉलेज चलो अभियान प्रभारी डॉ. अमोल मांजरेकर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय में संचालित सभी पाठ्यक्रमों, स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, कन्या छात्रावास, समस्त हितग्राही योजनाएं, केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल, क्रीडा विभाग की सभी गतिविधियो, जिम की सुविधा एनएसएस गतिविधियों एवं पुस्तकालयीन सुविधाओं की जानकारी दी गई।

दिनॉक 10.06.17 एवं दिनॉक 13.06.2017 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दो बार एक– एक दिवसीय मेला आयोजित किये गये मेला प्रभारी डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर ने छात्राओं एवं अभिभावकों को माविद्यालय में अधिक से अधिक संख्या मे प्रवेश लेने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। सभी उपस्थितो को इस बात की जानकारी दी कि यह महाविद्यालय सीहोर जिले का एक मात्र महाविद्यालय है। यहॉ. पुस्तकालय वाचनालय, खेलकूद सुविधायें व्यक्तित्व विकास रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अतिरिक्त होस्टल की सुविधा भी उपलब्ध है।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने भी छात्राओं एवं अभिभावकों को बताया की महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व के हर पहलू के विकास का ध्यान रखा जाता है, जिससे उनमें गुणात्मक सुधार परिलक्षित होता है अतः अभिभावक अधिक से अधिक संख्या में कन्या महाविद्यालय में प्रवेश लें।






## //योग विषय पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण//

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 19.06.2017 को प्र. प्राचार्य डॉ. अमोल मांजरेकर की अध्यक्षता में एक दिवसीय योग विषय में **व्याख्यान एवं वार्ता** का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल से पधारे योगाचार्य श्री सुदर्शन देव ने योग विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। योग द्वारा मेन्टली एवं फिजिकली स्वस्थ्य कैसे रहा जाता है एवं शरीर के अंदर जो हमारी क्रियायें है उसमें योगासनों द्वारा किस प्रकार आक्सीजन का प्रवेश और कार्बनडाइ आक्साइट का बाहर निकलना, रक्त को शुद्ध कर विभिन्न अंगो में संचार करना एवं विभिन्न बिमारियों से छुटकारा एवं जीवन को स्वस्थ्य बनाना शामिल रहा।



## "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत"

दिनॉक 11.08.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत बृहतस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। सभी स्वयं सेवको ने स्वच्छता को महत्व देते हुए अपने महाविद्यालय परिसर की सफाई को प्राथमिकता दी। उन्होनें अपने आसपास सफाई एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए गाजर घास उन्मूलन, कचरा, पॉलीथिन आदि को साफ किया। इसी पखवाडे के अन्तर्गत महाविद्यालय में "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" विषय पर निबन्ध, स्लोगन, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी।



## //एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर//

दिनांक 22.08.2017 यू.जी.सी. के सौजन्य से ग्राम पचामा में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन ग्राम सरपंच श्री राजेन्द्र परमार जी, सचिव श्री धनश्याम मेवाड़ा, जिला चिकित्सालय से आये डॉ. वी. के. चतुर्वेदी, डॉ. सुजाता परमार, श्री सत्यसांई विश्वविद्यालय के होम्योपेथिक विभाग के डॉ. रीना धवोटिया एवं डॉ. विशाल कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।



# //आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर //

यू.जी.सी. के सौजन्य से "एक्सटेन्शन एक्टिविटी" के अंतर्गत 15 दिवसीय "आत्म रक्षा" कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्र. प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इसमें प्रशिक्षक श्री लखन ठाकुर (ब्लैक बेल्ट) सीहोर द्वारा महाविद्यालय की लगभग 100 छात्राओं को अपनी रक्षा–सुरक्षा किस प्रकार से करती है, इसकी बारिकियां सिखा रहे है। यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने बताया कि वर्तमान युग में महिला सशक्तिकरण के लिये आत्मरक्षा अति आवश्यक है। यदि छात्रायें अपनी सुरक्षा स्वंय करें तो समाज एवं आज के दौर में स्वाभिमान और सम्मान कायम रखेगी।



# रा.से.यो. का अभिमुखीकरण कार्यक्रम

दिनांक 26.09.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम के आज तीसरे दिन जिला स्तर रा.से.यो. अभिमुखिकरण कार्यक्रम , जिला स्तरीय बैठक एवं वेदांश स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता , मुख्य अतिथि डॉ. अनंत कुमार सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक रा.से.यो. प्रकोष्ठ बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय , श्री राहुल सिंह परिहार कार्यक्रम अधिकारी मुक्त ईकाई द्वारा सम्पन्न हुआ।



# //युवा उत्सव गतिविधियां//

दिनांक 07 सितम्बर 2017 को महाविद्यालय स्तर के युवा उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक पक्ष के अंतर्गत समूह नृत्य में छाया, रोशनी एवं चांदनी समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं मूकाभिनय में शकुन्तला, विद्या मीणा समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के निर्णायन डॉ. कलिका डोलस, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं राजेश बकोरिया ने किया। सांगितिका पक्ष के अंतर्गत एकल गायन में प्रवीण चतुर्वेदी प्रथम, खुशबू त्यागी द्वितीय एवं नंदनी बैरागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल शास्त्री गायन में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की खुशबू त्यागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में शकुन्तला, विद्या मीणा, कृष्णा, नेहा, मोनिका, अरूणा के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीतिका पक्ष की प्रतियोगिता का निर्णायक गण डॉ. जया शर्मा, डॉ. नीलम वासनिक, डॉ. रविस्वरूप विरहा थे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं समस्त स्टॉफ एवं अतिथि विद्वानो की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

## //छात्राओं ने लिया कम्प्यूटर ट्रैनिंग का लाभ//

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से एक सप्ताह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण CRISP संस्था भोपाल के प्रशिक्षकों द्वारा किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ 11 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें उन्होने कहा कि छात्राओं के लिये इस कम्प्यूटरीकृत युग में कम्प्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यक्रम आधारित कम्प्यूटर ज्ञान तो देना है ही साथ ही दैनिक जीवन में इसके द्वारा किये जाने वाले कार्य एवं ई–मेल आदि से भी परिचित कराना है। इस प्रशिक्षण में बी.ए. एवं बी. कॉम की 40 छात्रायें M.S. Office, M.S. Word, Internet, E-mail करना, साधारण टाइपिंग, नौकरी हेतु बायोडाटा बनाना आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्य भोपाल की क्रिस्प संस्था के IT विभाग के सीनियर एक्जीक्यूटिव श्री संदीप सोमनाथ एवं मेघा वर्मा के द्वारा दिया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं IQAC प्रभारी डॉ. जया शर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।



## जिला स्तरीय महिला/पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की आयोजन व्यवस्था में जिला स्तरीय महिला/पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें सीहोर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 12 पुरूष पहलवान व 08 महिला पहलवानों ने भाग लिया समस्त प्रतियोगिता सम्पन्न होने के बाद निम्नलिखित महिला/पुरूष पहलवानों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया

| पुरूष पहलवान | महिला पहलवान |
|---|---|
| विशाल यादव–पी.जी. कॉलेज सीहोर | मेघा सोनी–शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर |
| सुशील पटेल–पी.जी. कॉलेज सीहोर | नीतू नागर–शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर |
| शिशु पाल–ग्रीन फील्ड आष्टा | मीना वर्मा–शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर |
| विक्रांत–शासकीय महाविद्यालय आष्टा | रजनी गौर–शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर |
| कुनाल सैन–शासकीय महाविद्यालय आष्टा | दीपीका वर्मा–शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर |

संगठन सचिव श्री रवि विरहा क्रीडा अधिकारी ने जानकारी दी की उपरोक्त चयनित खिलाड़ी दिनांक 01 से 03 नवम्बर को बी.यू भोपाल में भाग लेंगें उपरोक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्री चंद्रशेखर शर्मा, श्री हिमांशु राय, श्री भरत लाल शर्मा, श्री राजेश गौर, श्री सुरेन्द्र कुश्वाह उपस्थित रहें।



कन्या कॉलेज में जिला स्तरीय महिला-पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

कन्या कॉलेज की महिला पहलवानों ने मारी बाजी

कबड्डी स्पर्धा में बालक-बालिका दोनों में सीहोर रहा विजेता

## //जिला स्तरीय महिला खो–खो एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता //

जिला स्तरीय महिला खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जिले की लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें नसरूल्लागंज, पी.जी. कॉलेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय शामिल रहे। फाइनल रायसाहब भंवर सिंह कॉलेज नसरूल्लागंज विरूद्ध शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के मध्य खेला गया जिसमें नसरूल्लागंज ने कन्या महाविद्यालय को पराजित किया चयन प्रक्रिया पश्चात निम्न छात्राओं का चयन जिला सीहोर के लिए हुआ।क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता होशंगाबाद में दिनांक 08.11.2017 को सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। **चयनित खिलाड़ी के नामः–** अंकित विश्वकर्मा, साक्षी खण्डेलवाल, रोशनी राजपुत, नूर अफसा, राधिका मालवीय, शिवानी राजपुत, सभी नसरूल्लागंज से, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर से रीना दांगी, रोशनी चन्द्रवंशी, रजनी गौर, दीपा विश्वकर्मा, तनु परिहार, सोनाली चौहान।







## //शिक्षक अभिभावक बैठक//

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आज दिनांक 08.11.2017 को आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों ने महाविद्यालय में सम्पर्क कर छात्राओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिकांश विद्यार्थी अपने अभिभावकों सहित बैठक हेतु उपस्थित हुये। महाविद्यालय द्वारा अभिभावकों की अपेक्षाओं की जानकारी एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु उनसे फीडबैक फार्म भी भरवाया गया जिससे महाविद्यालय उन्हे पूरा करने संबंधी कार्यवाही कर सके। अभिभावकों द्वारा प्राप्त मत अनुसार वे महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं से संतुष्ट है एवं परिसर को सुरक्षित पाते है। महाविद्यालय में शोध संबंधी सुविधाओं के विकास, विज्ञान प्रयोगशाला में सुविधाओं के विकास एवं नियमित शैक्षणिक फेकेल्टी की संख्या बढ़ाने हेतु भी सुझाव प्राप्त हुए इस संदर्भ में प्राचार्य द्वारा आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।



## //सी एम हेल्प लाईन L1 ऑफिसर//

म.प्र. शासन की योजना सी एम हेल्प लाईन के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग ने जिला सीहोर के L1 ऑफिसर महाविद्यालय के प्राचार्य को दिनांक 06.12.2017 से बनाया गया। इसके अंतर्गत उच्च शिक्षा से संबंधित संपूर्ण जिले की शिकायतों को संबंधित संस्था से जानकारी प्राप्त कर निराकरण का कार्य किया जाता है।

